राज्यपाल सचिवालय
राज भवन, जयपुर

## राज्यपाल ने स्वच्छ जयपुर, स्वस्थ जयपुर का किया आह्वान

## राज्यपाल श्री मिश्र ने जयपुर मैराथन का किया शुभारम्भ

जयपुर, 5 फरवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने रविवार को रामनिवास बाग से जयपुर मैराथन के 14 वें संस्करण का झंडी दिखाकर शुभारम्भ किया। उन्होंने इस अवसर पर 'स्वच्छ जयपुर, स्वस्थ जयपुर' का नारा देते हुए कहा कि 'फिट इंडिया' अभियान को ऐसे मैराथन आयोजन ही आगे बढ़ाने वाले हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से ही स्वस्थ तन और स्वस्थ मन के लिए हम अग्रसर हो सकते हैं।

राज्यपाल श्री मिश्र ने मैराथन में भाग लेने वाले देश विदेश के धावकों को बधाई देते हुए शुभकामनाएं भी दी। संस्कृति युवा संस्था द्वारा आयोजित इस मैराथन में राज्यपाल श्री मिश्र के अलावा सांसद श्री रामचरण बोहरा, बॉलीवुड एक्टर सोनू सूद और रणविजय, मैराथन के आयोजक संस्कृति युवा संस्थान के पंडित सुरेश मिश्रा सहित बड़ी संख्या में अन्य गणमान्य जन भी सम्मिलित हुए।

मैराथन के लिए आज प्रातरू से ही लोगों में विशेष जोश और उत्साह दिखाई दे रहा था। बहुत से लोगों ने मैराथन में पगड़ी पहनकर भी दौड़ लगाई। युवाओं के साथ बड़ी संख्या में विभिन्न आयु वर्ग के लोगों ने भी इसमें भाग लिया।

----